आई. टी. एल. पब्लिक स्कूल
सेक्टर- 9 द्वारका, नई दिल्ली
सत्र 2015-16
संकलनात्मक मूल्यांकन (1)
सेट (ब) दिनांक: 24 सितंबर 2015
कक्षा :पंचम विषय :हिन्दी

उत्तरकुँजी

सामान्य निर्देश-
**1) प्रश्न -पत्र में चार भाग और कुल 19 प्रश्न हैं।2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
**3) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़करसुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।**

## भाग – क (पठन)

**प्रश्न 1** दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (5)

भारत को स्वतंत्र करवाने में भारतीय नारियों का बहुत बड़ा हाथ रहा है।स्वतंत्रता के आंदोलन में उन्होंने पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। ऐसी नारियों में सरोजनी नायडू का नाम भी शामिल है।उनका जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में हुआ। इनके पिता संस्कृत के विद्वान होने के साथ-साथ एक कुशल वैज्ञानिक भी थे।सरोजनी की माता श्री मती वरदा सुंदरी भी सुशिक्षित महिला थीं।सरोजनी को पुस्तकों से बड़ा प्रेम था।उनके हाथ में कोई न कोई पुस्तक रहती ही थी। बचपन से ही कविता पढ़ने में उनकी विशेष रुचि थी।वह गाती भी बहुत अच्छा थीं।जब वह मधुर स्वर में कविता पाठ करतीं तो उनके माता पिता बड़े प्रसन्न होते।सरोजनी स्वयं भी कविता लिखने लगीं।तेरह वर्ष की उम्र में ही उन्होंने एक लंबी और सुंदर कविता लिखी, यह जानकर लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ।उन्होंने सरोजनी की बड़ी प्रशंसा की।

**क) सरोजनी नायडू का जन्म कब और कहाँ हुआ था?** ।उनका जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में हुआ।

**ख) सरोजनी नायडू की बचपन से किसमें रुचि थी?** बचपन से ही कविता पढ़ने में उनकी विशेष रुचि थी।

**ग) उन्होंने किस उम्र में लंबी और सुंदर कविता लिखी?** तेरह वर्ष की उम्र में ही उन्होंने एक लंबी और सुंदर कविता लिखी, यह जानकर लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ।

**घ) नायडू के माता -पिता क्या थे?** इनके पिता संस्कृत के विद्वान होने के साथ-साथ एक कुशल वैज्ञानिक भी थे।सरोजनी की माता श्री मती वरदा सुंदरी भी सुशिक्षित महिला थीं

**ङ) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखें।** क)तारीफ प्रशंसा ख)आज़ाद स्वतंत्र

## भाग – ख (भाषा)

**प्रश्न 2** वाक्य में से विशेषण शब्द अलग कर उसका भेद लिखिए। (3)

(क) रोटी पर थोड़ा सा घी लगा दो। थोड़ा सा अनिश्चय वाचक

(ख) हमारे घर रोज़ तीन किलो दूध आता है। तीन किलो परिणाम वाचक

(ग) देखो मैने आज नया कुरता पहना है। नया गुण वाचक

**प्रश्न 3रिक्त स्थान मेंउचित विशेषण भरिए।** (2)

(क) ज़मीन पर ... थोड़ा सा पाानी.............. पानी बिखरा हुआ था। (ख)......वह.........मेरे भाई का मित्र है।

(ग) मेरी गाड़ी में .........तीन लीटर......... पेट्रोल डाल दो। (घ) राहुल के पिताजी बहुत ......दयालू...... हैं।

**प्रश्न 4** निम्न शब्दों के लिए वाक्यांश लिखिए। (2)

(क)मृदुभाषी मीठा बोलने वाला (ख) अदवितीय जिसके समान कोई दूसरा न हो

**प्रश्न 5 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए।** (2)

क) जो कम बोले। मितभाषी ख)आकाश में घूमने वाले। नभचर

ग) दूसरों पर उपकार करने वाला परोपकारी घ)जिसके माता- पिता न हों। अनाथ

प्रश्न 6 कोष्ठक में दिए गए काल के अनुसार वाक्य बदल कर दोबारा लिखिए। (3)

(क)पूजा ने जल्दी से मेहमानों के लिए खाना बनाया। (भविष्यत काल में बदलिए )

पूजा जल्दी से मेहमानों के लिए खाना बनाएगी

(ख) मैं बाज़ार से मिठाई खरीद रहा था । (वर्तमान काल में बदलिए) मैं बाज़ार से मिठाई खरीद रहा हूँ।

(ग)आप सब लोग कहाँ जा रहे हैं। (भूतकाल में बदलिए) आप सब लोग कहाँ जा रहे थे।

**प्रश्न 7** निम्न वाक्यों में सर्कमक व अर्कमक क्रिया बताइए। (2)

(क) मैने कल एक रोचक कहानी पढ़ी । सकर्मक (ख) माली पौधा लगा रहा होगा । सकर्मक

**प्रश्न 8 रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए ।** (2)

क)एक बार गाँव में एक मूर्ख व्यक्ति ने उपदेश दिया। समझदार

ख)हमें हमेशा सभी के दोष देखने चाहिए।गुण

प्रश्न 9निम्न शब्दों के विलोम लिखिए। (2)

क) रोगी स्वस्थ ख)प्राचीन नवीन ग) निर्धन धनवान घ)स्वामी सेवक

**प्रश्न 9 निम्न वाक्यों में उचित विराम चिहन लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए ।** (2)

क) अरे! सारे बच्चे मैदान में क्यों चले गए?

ग) गार्ड ने हमें बताया ,¨गाड़ी समय पर आ रही है।¨

भाग – ग (साहित्य)

**प्रश्न 12 निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए।** (2)

(क)नीर (ख) अहाता (ग)आपत्ति (घ) दाखिला

**प्रश्न 13 कविता की पंक्तियाँ पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (2)

चलो,नई मिसाल हो
जलो, नई मशाल हो
बढ़ो, नया कमाल हो
झुको नहीं
रुको वहीं
बढ़े चलो,
बढ़े चलो ।

क)हमें किसकी तरह जलना है? हमें मशाल की तरह जलना है

ख) कवि किन्हे बढ़े चलो बढ़े चलो कह रहा है? कवि वीरों को बढ़ने की बात कह रहा है।

ग) इन पंक्तियों के कवि का नाम बताइए। सोहन लाल दविवेदी

**प्रश्न 14निम्न प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए।** (3)

(क) तीनों मित्रों ने कंधों पर क्या लिया हुआ था और क्यों?

तीनो मित्रों ने कंधों पर धनुष बाण लिया हुआ था क्योंकि वे शिकार करने जा रहे थे।

(ख) लेखक अकसर शाम को दुकान पर क्यों जाता था?

लेखक अपने भुल्लकड़पन की वजह से सामान खरीदने के लिए अकसर शाम को दुकान पर जाता था।

(ग)शबाना ने अपने पिता से पहला सबक क्या सीखा ?

शबाना ने अपने पिता से पहला सबक यह सीखा कि कामयाबी दूसरों की नकल में नहीं आत्मविश्वास में है।

**प्रश्न 15 निम्न तथ्यों को सही करके दोबारा लिखिए।** (3)

(क) विहाग ने कहा मुझे तो सोने के मुकुट से ये तलवार ज़्यादा सुंदर लगती है।

विहाग ने कहा मुझे तो सोने के मुकुट से ये फूलों के मुकुट ज़्यादा सुंदर लगते है।

(ख) मिसेज स्मिथ का **बेटा** कनाडा में रहता था। बेटी कनाडा में रहती थी।

(ग)जब मैं सात बरस की थी तो अब्बा ने मुझे **नीले रंग** की गुड़िया ला कर दी। काले रंग

**प्रश्न 16 उचित रिक्त स्थान भर कर वाक्य पूरे करें।** (2)

(क) अब्बा को यूपी की ——दाल —— बहुत पसंद थी।

(ख) मेरे लिए ——ब्रेड—— मिसेज स्मिथ ही खरीदकर रखती।

ग)विहाग ने कहा मुझे तो इन ——लताओं—— और झाडियों के फूल बहुत पसंद हैं।

घ)बढ़े चलो कविता में गगन ——आग—— उगल रहा हैं।

प्रश्न निम्न शब्दों की वर्तनी शुदध कीजिए। (2)

(क) **शील्पीओं शिल्पियों** (ख) **उपदैश्अ उपदेश** (ग) **रहसय्य रहस्य** (घ) **परअमाण प्रमाण**

**प्रश्न 18 निम्न प्रश्नों के उत्तर अधिकतम शब्दों में दीजिए।** (6)

(क) शबाना को शर्मिंदगी किस बात की थी और वह गौरव में कैसे बदल गई?

शबाना को शर्मिंदगी इस बात की थीकि उसके अब्बा दूसरों जैसे नहीं थे पर जब उनका नाम अखबार में छपा तो शर्मिंदगी गौरव में बदल गई

(ख) "शिकार करना बुरी बात है" कैसे? अपने विचार **2-3** पंक्तियों में लिखिए।छात्र इस का उत्तर स्वयं लिखेगें

(ग)लेखक के साथ घटी घटना पर मिसेज स्मिथ की क्या प्रतिकिया थी और क्यों ? वह जोर से हँसी और बोली जैसे लेखक उसके रंग रुप से डरता रहा वैसे ही शैतान कुत्ता लेखक की दाढ़ी और चाल ढाल से उस पर शक करता होगा

भाग – घ **(लेखन)**

**प्रश्न 19 कोई एक कीजिए ( पत्र लेखन या अनुच्छेद लेखन)** (5)

क) खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कक्षा अध्यापिका को प्रार्थना पत्र लिखिए।

या

ख) मेरा भारत महान ( संकेत- देवताओं की भूमि, पहाड़, हरियाली, पवित्र नदियाँ , भोले भाले व मेहनती लोग, वीरों की धरती, भारत की विशेष बातें, त्योहारों का देश, विदेशियों का आना- जाना,अनेकता में एकता, समापन)

किसी एक विषय पर छात्र अपनी बोधक्षमता व रचनात्मकता के आधार पर स्वयं लिखेगे।